**PHYSICAL EDUCATION**
- D.P.Ed
- B.P. Ed.
- M.P. Ed.
- PGDSM

**SPECIAL EDUCATION**
- B. Ed. (ID)
- D. Ed. (HI)
- D. Ed. (IDD)
- ISTEP (FS) HI

**HOSPITALITY MGMT. HOTEL MGMT. & CATERING TECHNOLOGY**
- Bachelor in HMCT- BHM
- MBA. Hotel Mgmt.
- PG Diploma in Hotel Mgmt./ Catering Tech.
- UG. Diploma in Hotel Mgmt./ Catering Tech.
- Certificate in Hotel Mgmt./Catering Tech.

**HOSPITAL AND HEALTHCARE MANAGEMENT**
- MBA.Hospital and Healthcare Mgmt.
- Executive MBA in Hospital Mgmt.
- PG. Diploma in Hospital Mgmt

**ARTS, HUMANITIES & SOCIAL SCIENCE**
- BA
- MSW
- MA ( Yoga)
- MA (Hindi, English, History, Political Science, Sociology, Economics, Psychology, Geography )

**AGRICULTURE** Admission on Merit Based
* Scholarships As per the state Govt. Rules
- Diploma (1 Yr & 3 Yrs Courses)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Agriculture (Hons.) L.E.
- B.Sc. Hons. Agribusiness Mgmt.
- B.Sc. Hons. Natural Farming
- B.Sc. Hons. Organic Farming
- B.Sc. Horticulture
- B.Tech Agricultural Engineering
- M.Sc. Agriculture (All Subjects)

CONTACT US: 8875028991, 92, 93, 94 | WEBSITE: www.madhavuniversity.edu.in EMAIL: admission@madhavuniversity.edu.in
N.H.27, P.O. Bharja, Abu Road, Distt. - Sirohi (Raj.) - 307032


## राशन डीलर्स की बैठक; 15 हजार मासिक मानदेय-बकाया भुगतान का मामला उठा

**जयपुर** | उचित मूल्य दुकानदारों ने बैठक कर मासिक मानदेय बढ़ाने और लंबे समय से लंबित बकाया भुगतान की मांग की। उनका कहना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं, लेकिन मौजूदा कमीशन से खर्चा निकालना भी कठिन हो रहा है। उन्होंने सभी दुकानदारों के लिए न्यूनतम 15 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय लागू करने और बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग रखी। वर्तमान में केंद्र से 111 रुपए प्रति क्विंटल और राज्य से 39.69 रुपए प्रति क्विंटल मिलते हैं। डीलर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष हेमराज मीणा ने बताया कि राज्य में 25,572 उचित मूल्य दुकानें हैं और कई जगह आय संचालन खर्च के बराबर रह जाती है।

RGHS के लिए भी शाम को विशेषज्ञ परामर्श

## भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया इवनिंग ओपीडी का शुभारंभ



### 30 तक शाम 5 से रात 8 बजे तक OPD निशुल्क

**जयपुर** | आरजीएचएस योजना से जुड़े मरीजों और अन्य मरीजों के लिए राहत वाली खबर है। मालवीय नगर स्थित रूंगटा अस्पताल में ईवनिंग ओपीडी की शुरुआत हुई है। इसमें मरीज शाम को भी डॉक्टर्स को दिखा सकेंगे। बुधवार को भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार ने ओपीडी का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक कालीचरण सराफ भी मौजूद थे।

अतिथियों ने इवनिंग ओपीडी और विभिन्न विभागों का निरीक्षण भी किया। सुविधाओं की जानकारी ली और मरीजों से संवाद भी किया। इवनिंग ओपीडी में फिजिशियन, जनरल सर्जन, ऑर्थोपेडिक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी और अन्य जांच सेवाएं भी मिलेंगी। 30 अगस्त तक शाम 5 से रात 8 बजे तक ओपीडी परामर्श निशुल्क रहेगा। इन-हाउस लैब और डायग्नोस्टिक जांचों पर 50% छूट तथा चिकित्सक की सलाह पर डेंगू जांच निशुल्क होगी।

# जनता की आवाज

## जैन मंदिर की मुख्य सड़क पर गड्ढे से हादसे की आशंका



**जयपुर** | त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास क्षेत्र में जैन मंदिर लेन की मुख्य सड़क पर सीवरेज चैंबर और सीवरेज लाइन के पास बड़ा गड्ढा बन गया है। गड्ढा प्लॉट नंबर ए 294 के सामने लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हल्की बारिश में भी सड़क का हिस्सा कमजोर होकर सीवरेज चैंबर सहित क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे दोपहिया और कार चालकों के फिसलने या गिरने जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र जेडीए जोन 5 में आता है, इसलिए नागरिकों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मरम्मत कार्य तुरंत कराने की मांग की है। **-महेंद्र कुमार जैन,** स्थानीय निवासी

## विद्याधर नगर सेक्टर 4 में सामुदायिक केंद्र बदहाल



**जयपुर** | विद्याधर नगर सेक्टर 4 स्थित सामुदायिक केंद्र में गंदगी फैल रही है। प्रबंधन व्यवस्था इतनी खराब हो गई है कि आम लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं। हेल्पलाइन 181 पर दो बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। संबंधित जोन कार्यालय को भी समस्या की जानकारी दी। **-रवि ललवानी,** स्थानीय निवासी

## सीवरेज प्लांट के गंदे पानी से फैल रही दुर्गंध



**जयपुर** | रामगढ़ मोड़ स्थित नगर निगम कॉलोनी में जेडीए की ओर से निर्मित सीवरेज प्लांट की नियमित सफाई नहीं होने से दुर्गंध फैल रही है। प्लांट का पानी जलमहल की ओर जाता है और क्षेत्र जोन नंबर 4 के अंतर्गत आता है। गंदे पानी से बीमारियों का जोखिम बना रहता है। **-उमाशंकर शर्मा,** स्थानीय निवासी

## भरत विहार बी में अधूरी ड्रेनेज, टूटी सड़कें बनी परेशानी



**जयपुर।** जामडोली क्षेत्र के आगरा रोड स्थित भरत विहार बी निवासी एक वर्ष से अधूरी ड्रेनेज व्यवस्था और बदहाल सड़कों के कारण परेशानी झेल रहे हैं। घरों का सीवेज सड़कों पर बह रहा है, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है। निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने से सड़कें टूट चुकी हैं और गड्ढों के कारण आए दिन बुजुर्ग व बच्चे चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्र में फैली गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। **-ध्रुव श्रीधर,** स्थानीय निवासी

**जनता की आवाज** कॉलम के जरिए आप भी अपने आसपास की समस्याओं को आवाज दे सकते हैं। जुड़ने के लिए **9340931270** पर HD फोटो ही वॉट्सएप करें या jantakiawazjp@gmail.com पर मेल करें।

## शिक्षक संगठन की अति. मुख्य सचिव से वार्ता, मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन

**जयपुर** | अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव से वार्ता की। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा के अनुसार बैठक में माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न लागू कर क्रमोन्नत विद्यालयों में पद आवंटन, वसूली रोकने, पे-प्रोटेक्शन, जीपीएफ व अन्य ऋण तथा उपार्जित अवकाश के भुगतान, शाला दर्पण सहित पोर्टलों के सुधार और गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने जैसे मुद्दे उठाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मांगों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## जयपुर डेयरी ने खरीद मूल्य 925 प्रति किलो फैट किया, नई दरें 11 से

**जयपुर** | जयपुर डेयरी ने दुग्ध उत्पादकों को राहत देते हुए दूध खरीद मूल्य में 50 प्रति किलोग्राम फैट की बढ़ोतरी की है। अब दुग्ध उत्पादकों को 875 की जगह 925 प्रति किलोग्राम फैट की दर से भुगतान होगा। नई दरें 11 अगस्त से प्रभावी होंगी।

डेयरी चेयरमैन ओमप्रकाश पूनिया ने बताया कि बढ़ी हुई दरों से पशुपालकों को औसतन करीब 3 प्रति लीटर अतिरिक्त राशि मिलेगी। 2 प्रति किलोग्राम फैट की फिक्स राशि और मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 5 प्रति लीटर का अनुदान पहले की तरह मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पशु आहार, हरे चारे, बिजली और दवाइयों की बढ़ती लागत को देखते हुए दुग्ध उत्पादकों को बेहतर मूल्य देने और उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है। एमडी मनीष फौजदार ने बताया कि तीज और रक्षाबंधन पर सरस देसी घी से बने घेवर जेएलएन मार्ग स्थित सरस पार्लर, जयपुर डेयरी परिसर पार्लर और सचिवालय पार्लर पर उपलब्ध होंगे।

## 'अपना संकुल हरियालो संकुल' अभियान शुरू

**जयपुर** | डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर में बुधवार को 'अपना संकुल, हरियालो संकुल' अभियान का शुभारंभ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बेलपत्र का पौधा लगाकर किया। कार्यक्रम अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) के पर्यावरण संरक्षण अभियान ''एक पेड़-एक शिक्षक'' के तहत आयोजित हुआ। संगठन अध्यक्ष रमेश पुष्करणा ने अध्यक्षता की। मदन दिलावर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।


**भास्कर APPOINTMENT**

**राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय**

सीयूराज/आर/एफ.177/भर्ती/2026/6460 दिनांक: 04.08.2026

**04 अशैक्षणिक पद**

निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।
- सीधी भर्ती : 03 अशैक्षणिक पद
- संविदा नियुक्ति : 01 अशैक्षणिक पद

आवेदन दिनांक 23 सितम्बर, 2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए www.curaj.ac.in देखें।
कुलसचिव



**Mayur Uniquoters Limited**

**Regd. Office and Works:** Jaipur Sikar Road, Village Jaitpura, Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India.
**Tel:** 91-1423-224001 **Fax:** 91-1423-224420 **CIN No.** L18101RJ1992PLC006952 **E-Mail:** secr@mayur.biz

YoY Income up 24%
YoY PBIDT up 31%
YoY PAT up 38%

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June 2026**

(Rs. in Lakhs, except stated)

| S.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2026 (Unaudited) | 31.03.2026 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2026 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 29,219.20 | 27,665.10 | 23,543.82 | 102,207.62 |
| 2 | Operating Profit (PBIDT) | 8,190.18 | 8,901.87 | 6,254.65 | 28,973.54 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax | 7,411.79 | 8,123.35 | 5,497.48 | 25,898.23 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period After Tax | 5,611.93 | 5,943.46 | 4,072.91 | 19,174.00 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period | 5,782.51 | 6,282.68 | 4,074.31 | 19,865.61 |
| 6 | Equity Share Capital (of Rs. 5/- each) | 2,172.63 | 2,172.63 | 2,172.63 | 2,172.63 |
| 7 | Other Equity (Reserves) | - | - | - | 111,077.52 |
| 8 | Earning Per Share: | | | | |
| | - Basic (in Rs.) | 12.92 | 13.68 | 9.37 | 44.13 |
| | - Diluted (in Rs.) | 12.92 | 13.68 | 9.37 | 44.13 |

Notes: *Standalone Financial Information of the Company, pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR):

| S.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2026 (Unaudited) | 31.03.2026 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2026 (Audited) |
| 1 | Turnover | 24,702.88 | 26,054.79 | 20,641.18 | 94,170.96 |
| 2 | Operating Profit (PBIDT) | 8,549.35 | 9,029.30 | 6,282.09 | 30,307.10 |
| 3 | Profit before Tax | 7,779.13 | 8,258.97 | 5,531.67 | 27,262.30 |
| 4 | Profit after Tax | 5,895.17 | 6,070.64 | 4,122.70 | 20,296.97 |

*The above is an extract of the detailed format of Quarter Ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Quarterly Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com, and also on Company's website at www.mayuruniquoters.com


PU Garments


Handbag

Place: **Jaipur**
Date: **August 05, 2026**

For and on behalf of the Board of Directors
**Suresh Kumar Poddar**
Chairman & Managing Director & CEO
DIN-00022395


Automotive


Footwear


Furnishing


Marine Upholstery


Accessories

शहरभर में चल रहे अभियान

# हरियाली का संकल्प, पौधरोपण से सज रहा जयपुर का पर्यावरण

**जयपुर @ पत्रिका.** मानसून में प्रकृति को संवारने और शहर को हरा-भरा बनाने की मुहिम तेज हो गई है। सावन के महीने में विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों ने बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पार्कों, विद्यालयों और फार्म हाउस पर फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। लोगों ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल व सुरक्षा का भी संकल्प लिया।

### कानोता, दिल्ली रोड



**10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य:** दिल्ली रोड स्थित मनोहर बाग फॉर्म परिसर में आयोजित अभियान के दौरान फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। पूर्व महापौर कुसुम यादव की मौजूदगी में आगामी दिनों में 10 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया। वक्ताओं ने पौधरोपण को केवल संदेश नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी बताया। अजय यादव, धीरज यादव, ज्योतिलता, राजेश सैनी, रामप्रसाद मीणा, जीतराम सैनी मौजूद रहे।

### अजमेर रोड



**'एक पेड़ मां के नाम' अभियान:** अजमेर रोड स्थित बालिका विद्यालय में शिक्षा विभाग व रघुकुल सेवक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 900 से अधिक पौधे लगाए गए। संयुक्त निदेशक विष्णु प्रसाद गुर्जर व दिलीप सिंह राजावत ने पौधरोपण को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया। प्रधानाचार्य लेखनी शर्मा व एडीईओ चंद्रेशपाल सिंह ने पौधों के संरक्षण पर जोर दिया।

### स्टोनपार्क, मानसरोवर



**सीडबॉल रोपित:** मानसरोवर स्थित स्टोनपार्क में पौधरोपण के साथ ही जगह-जगह सीडबॉल रोपित की गई। कार्यक्रम में डॉ.नितिन खुंटेटा, आशुतोष भटनागर, डॉ.असित त्रिवेदी, रमेश अरोड़ा, मुकेश अग्निहोत्री ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने मानसूनी सीजन में सभी से कम से कम एक-एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### कानोता



**ट्री गार्ड संग ट्री प्लांटेशन:** कानोता स्थित राजकीय महाविद्यालय व महात्मा गांधी विद्यालय में समाजसेवी श्रीकान्त सामरिया की मौजूदगी में बड़, पीपल, नीम व बिल्व पत्र के पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। अंत में बच्चों को फल बांटे गए और सामरिया ने सभी से पांच-पांच पौधे लगाने की अपील की।

भारत में अदृश्य रहेंगे दोनों ग्रहण, 2027 में भारत बनेगा बड़े सूर्यग्रहण का साक्षी

# हरियाली अमावस्या और रक्षाबंधन पर 'ग्रहण योग', बिना बाधा मनेंगे त्योहार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




**जयपुर.** आकाशीय मंडल में अगस्त माह के दौरान दो अत्यंत दुर्लभ और महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाएं आकार लेने जा रही हैं। ज्योतिषीय गणनाओं एवं खगोलीय आंकड़ों के अनुसार, 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या के दिन पूर्ण सूर्यग्रहण लगेगा, जबकि इसके ठीक 16 दिन बाद, 28 अगस्त को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आंशिक चंद्रग्रहण का योग बन रहा है। देश के श्रद्धालुओं और ज्योतिष प्रेमियों के लिए राहत की बात यह है कि ये दोनों ही ग्रहण भारत में पूरी तरह अदृश्य रहेंगे। भारत में दिखाई न देने के कारण धार्मिक एवं वैदिक मान्यताओं के तहत इनका कोई धार्मिक प्रभाव नहीं माना जाएगा।

## धार्मिक मान्यताओं पर नहीं पड़ेगा प्रभाव

**ज्योतिषाचार्यों** का कहना है कि ग्रहण की दृश्यता ही उसके धार्मिक नियमों को निर्धारित करती है। चूंकि ये दोनों ग्रहण भारतीय भू-भाग में अदृश्य रहेंगे, इसलिए यहां न तो सूतक काल मान्य होगा और न ही देवालयों के पट बंद किए जाएंगे। मंदिरों की नियमित पूजा-अर्चना, दर्शन, जप, दान, अनुष्ठान और दैनिक दिनचर्या पूरी तरह यथावत जारी रहेगी। रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर बिना किसी बाधा या भद्रा-सूतक के भय के रक्षासूत्र बांध सकेंगी। हालांकि, खगोलीय दृष्टि से राशियों पर इसका सूक्ष्म और अप्रत्यक्ष प्रभाव देखा जा सकता है।

## 2027 में 6 मिनट 23 सेकंड पूर्णता अवधि

**खगोल** प्रेमियों को भारत में किसी बड़े सूर्यग्रहण का दीदार करने के लिए अगले वर्ष तक का इंतजार करना होगा। 2 अगस्त 2027 को लगने वाला खंडग्रास सूर्यग्रहण भारत में आंशिक रूप से दृश्यमान होगा। इस ग्रहण की अधिकतम पूर्णता 6 मिनट 23 सेकंड की होगी। भारत में दृश्यता के कारण उस समय धार्मिक नियमानुसार सूतक काल के समस्त नियम लागू होंगे।

## खगोलीय आकर्षण

**ज्योतिषाचार्य** पं. दामोदर प्रसाद शर्मा के अनुसार, भले ही भारत में ये ग्रहण दिखाई न दें, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खगोल वैज्ञानिकों और स्काई वॉचर्स के लिए ये ऐतिहासिक अवसर होंगे।

**12 अगस्त का पूर्ण सूर्यग्रहण:** इस दौरान कनाडा, यूरोप, उत्तरी-पश्चिमी अफ्रीका, ग्रीनलैंड, आइसलैंड और स्पेन के कुछ हिस्सों में दिन के समय ही कुछ मिनटों के लिए पूर्ण अंधेरा छा जाएगा। इटली, जर्मनी, स्वीडन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया में यह खंडग्रास रूप में दिखेगा।

**28 अगस्त का आंशिक चंद्रग्रहण:** इसे इस वर्ष के सबसे गहरे चंद्रग्रहणों में से एक माना जा रहा है। इसमें चंद्रमा का लगभग 93 प्रतिशत हिस्सा पृथ्वी की घनी छाया से ढक जाएगा। यह ईरान, इराक, यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका और कनाडा में दिखाई देगा।

# शिविर में 57 यूनिट रक्त एकत्र



**जयपुर @ पत्रिका.** राजकीय जिला चिकित्सालय, सांगानेर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 57 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का उद्देश्य हाई रिस्क प्रेगनेंसी और एनीमिया से जूझ रहे मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। पीएमओ डॉ. जयप्रकाश साटीवाल की मौजूदगी में शिविर की शुरुआत श्रीप्रकाश तिवारी और उत्तम चंद बच्चानी ने की। डॉ. नीलम सैनी ने बताया कि सांगानेर मानव मित्र मंडल, केमिस्ट एसोसिएशन व प्रिंटिंग ट्रेडर्स एसोसिएशन का सहयोग रहा। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

21 अक्टूबर को सीकर से रवानगी

# दक्षिण भारत के तीर्थों के लिए चलेगी 'भारत गौरव ट्रेन'

## 12 दिन के टूर में कराएगी 5 प्रमुख धामों के दर्शन

**जयपुर @ पत्रिका.** आइआरसीटीसी की ओर से दक्षिण भारत दर्शन यात्रा के लिए विशेष 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन 21 अक्टूबर को सीकर से रवाना होकर जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ होते हुए श्रद्धालुओं को 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर ले जाएगी।

आइआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश सैनी ने बताया कि यात्रा के दौरान तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम (रामनाथ स्वामी मंदिर), मदुरै (मीनाक्षी मंदिर), कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। ट्रेन में एसी एवं नॉन-एसी कोच, किचन कार और बायो-टॉयलेट जैसी सुविधाएं रहेंगी।

## यात्रा का शेड्यूल

- **21 अक्टूबर:** सीकर से रवानगी (जयपुर होकर)
- **23-24 अक्टूबर:** रेणीगुंटा में रात्रि विश्राम, तिरुपति बालाजी दर्शन
- **26 अक्टूबर:** रामेश्वरम में दर्शन
- **27 अक्टूबर:** मदुरै में दर्शन
- **28 अक्टूबर:** कन्याकुमारी भ्रमण, तत्पश्चात मरकापुर में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग दर्शन
- **01 नवंबर:** वापसी में जयपुर होते हुए सीकर आगमन

# 10वीं कावड़ यात्रा 10 अगस्त रविवार को

**सांगानेर, जयपुर @ पत्रिका.** श्रीभोलानाथ सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को 10वीं कावड़ यात्रा आयोजित होगी। यह यात्रा गलताजी से जल लेकर सांगानेर स्थित शिवेश्वर महादेव मंदिर (कोलियों की बगीची) पहुंचेगी। सुमित सैनी ने बताया कि श्रद्धालु रविवार को रात 8 बजे बस से गलताजी पहुंचेंगे। सोमवार तड़के 3 बजे पवित्र जल भरकर यात्रा शुरू होगी और सांगानेर पहुंचकर मंदिर में सामूहिक जलाभिषेक किया जाएगा।

कब्ज, गैस? पेट करे साफ
टैक्नोफार्म की कैस्टोफीन®
टेबलेट व चूर्ण
8601 841 515 TATA 1mg amazon

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय
सीयूराज/आर/एफ.177/भर्ती/2026/6460 दिनांक: 04.08.2026
04 अशैक्षणिक पद
निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।
• सीधी भर्ती : 03 अशैक्षणिक पद
• संविदा नियुक्ति : 01 अशैक्षणिक पद
आवेदन दिनांक 23 सितम्बर, 2026 (रात्रि 11:59 बजे) तक आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए www.curaj.ac.in देखें।
कुलसचिव

'धार्मिक आस्थाओं के अपमान पर कठोर कानून बनाया जाए'

# गुरु गोबिंद सिंह पर टिप्पणी के विरोध में सिख समाज का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**जयपुर @ पत्रिका.** कानपुर में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंहजी के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार को राजापार्क स्थित गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के बाहर सिख समाज ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में समाज के विभिन्न संगठनों, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और बड़ी संख्या में संगत ने हिस्सा लेकर घटना पर कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक आस्थाओं के अपमान पर सख्त कानूनी प्रावधान बनाने और दोषियों को कठोर दंड दिलाने की मांग की।



जयपुर सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संयोजक राजन सिंह ने कहा कि किसी भी धर्म, गुरु, संत या महापुरुष के प्रति अपमानजनक टिप्पणी सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए घातक है। राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष अजयपाल सिंह ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक और नैतिक दायित्व है।

प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार से आरोपी की गिरफ्तारी और सिख समाज की मांग के अनुरूप संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किए जाने का स्वागत किया। साथ ही मांग की कि न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर दोषी को कठोरतम दंड दिलाया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक आस्थाओं का अपमान करने का साहस न कर सके। सिख समाज ने केंद्र और राज्य सरकारों से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले मामलों में और अधिक प्रभावी तथा कठोर कानूनी प्रावधान लागू करने की मांग भी की।

## सांगानेर : शनि मंदिर में 50वां पाटोत्सव



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** सांगानेर के मुख्य बाजार स्थित अति प्राचीन शनि मंदिर में 50वां वार्षिक पाटोत्सव मनाया गया। पाटोत्सव की शुरुआत बैंड वादन के साथ निकाली गई शोभायात्रा से हुई। इसके बाद 1100 दीपकों से महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश जोशी और कोषाध्यक्ष राजन प्रकाश रावल ने बताया कि दोपहर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। खीर और मालपुए का विशेष भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

मालवीय नगर

## सामूहिक सहस्त्रघट 16 अगस्त को

**जयपुर @ पत्रिका.** मालवीय नगर स्थित श्रीप्राणेश्वर नाथ महादेव कैलादेवी मंदिर में 16 अगस्त को सामूहिक सहस्त्रघट एवं सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 6.30 बजे तक होगा। आयोजनकर्ता आचार्य पं. विनोद कुमार शास्त्री ने बताया कि श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से जलाभिषेक करने का अवसर मिलेगा। आयोजन में शामिल होने के लिए इस वर्ष केवल 21 जोड़ों का पंजीकरण किया जाएगा।

## शनिदेव का 551 किलो दूध से अभिषेक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** बापू नगर जनता स्टोर स्थित सिद्धपीठ शनिधाम में बुधवार को मंदिर का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रवक्ता नारायण गौशिल ने बताया कि शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना कर 551 किलो दूध से अभिषेक किया गया। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने शनिदेव का दुग्धाभिषेक कर काली वस्तुएं अर्पित कीं और शनि स्तोत्र के पाठ किए। अभिषेक के बाद भगवान को नवीन पोशाक धारण कराई गई। मंदिर परिसर को मोगरे के सुगंधित फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर मनमोहक फूल बंगले की झांकी सजाकर खीर प्रसादी का भोग लगाया गया और अंत में महाआरती का आयोजन हुआ।

## अंगदान-नेत्रदान का लिया संकल्प

**जयपुर @ पत्रिका.** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम और आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से अंगदान और नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

मुख्य वक्ता गोबिंद गुरबानी ने कहा कि एक मरणोपरांत अंगदाता आठ लोगों को नया जीवन दे सकता है। नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकती है।

जमीअत उलमा-ए-हिंद ने संविधान का दिया हवाला

# पर्सनल लॉ की हिफाजत और यूसीसी के खिलाफ ज्ञापन



**जयपुर @ पत्रिका.** जमीअत उलमा-ए-हिंद, जयपुर की ओर से बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के प्रस्तावित क्रियान्वयन के विरोध में अतिरिक्त जिला कलक्टर (एडीएम) राजीव द्विवेदी के जरिए केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने संविधान में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता का हवाला देते हुए मुस्लिम पर्सनल लॉ व अन्य समुदायों के पर्सनल लॉ को बहाल रखने की मांग रखी।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत विविध संस्कृतियों, परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं का देश है। संविधान का अनुच्छेद 25 से 29 हर नागरिक को अपने धर्म पर अमल करने का बुनियादी हक देता है। इस दौरान उपाध्यक्ष हाफिज मंजूर खान, महासचिव मुफ्ती शफीक कायमखानी, अध्यक्ष मौलाना अब्दुल हमीद मौजूद रहे।

जयपुर का दंपती 853 बरकत वाले नोटों से करेगा जियारत

# '786' नंबर के नोटों से हज यात्रा

हर्षित जैन
patrika.com

**जयपुर.** आम इंसान के लिए नोट महज लेन-देन का जरिया होते हैं, लेकिन शहर के बाबू का टीबा निवासी मोहम्मद आसिफ खान के लिए यही नोट 15 साल की आस्था, सब्र और अल्लाह पर अटूट विश्वास की दास्तान बन गए। वर्ष 2011 में शुरू हुआ उनका एक छोटा-सा संकल्प अब अमली जामा पहन चुका है। उन्होंने 786 नंबर वाले नोटों को सहेजकर अपनी हज यात्रा के लिए 3.72 लाख रुपए से अधिक की रकम जमा की है। अब वे अपनी पत्नी नाजनीन खान के साथ इन्हीं विशेष नोटों के जरिए हज यात्रा पर रवाना होंगे।



### नोटों की कीमत 3.72 लाख



**आसिफ** खान ने पिछले 15 वर्ष में '786' नंबर वाले कुल 853 नोट एकत्र किए, जिनकी कुल कीमत 3,72,845 रुपए है। इसमें 500 रुपए के 716 नोट, 200 रुपए के 30, 100 रुपए के 84, 50 रुपए के 5, 20 रुपए के 3, 10 रुपए के 12 और 5 रुपए के 3 नोट शामिल हैं। वर्षों के सब्र और मेहनत से जुटाए इन नोटों को उन्होंने हज यात्रा के लिए सुरक्षित रखा।

## इस्लाम में 786 के अंक का विशेष महत्व

**राजस्थान** स्टेट हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी शाहिद मोहम्मद ने बताया कि मुस्लिम समाज में 786 के अंक को विशेष धार्मिक महत्व के साथ देखा जाता है। इसी आस्था से प्रेरित होकर आसिफ खान ने इस संग्रह की शुरुआत की थी। उनके मुताबिक यह सिर्फ कागजी नोटों का संग्रह नहीं, बल्कि अल्लाह की रहमत और सब्र का जिंदा सबूत है। आसिफ खान का कहना है कि 'हज' हर मुसलमान की जिंदगी की सबसे बड़ी इच्छा होती है। इस मुकद्दस सफर को खास बनाने के लिए उन्होंने बरसों से '786' के नोटों को सहेज कर रखा। धीरे-धीरे यह रकम इतनी हो गई कि हज का पूरा खर्च इसी से पूरा हो जाएगा। इस अनूठी पहल की खबर फैलते ही राजस्थान हज टेनर्स रिलीफ फाउंडेशन के प्रतिनिधियों और समाजजन ने इस जोड़े को हज यात्रा के लिए मुबारकबाद दी है।


# Mayur Uniquoters Limited

**Regd. Office and Works:** Jaipur Sikar Road, Village Jaitpura, Distt. Jaipur-303704 (Raj.) India.
**Tel:** 91-1423-224001 **Fax:** 91-1423-224420 **CIN No.** L18101RJ1992PLC006952 **E-Mail:** secr@mayur.biz

YoY Income up 24%
YoY PBIDT up 31%
YoY PAT up 38%

## Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June 2026

(Rs. in Lakhs, except stated)

| S.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2026 (Unaudited) | 31.03.2026 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2026 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 29,219.20 | 27,665.10 | 23,543.82 | 102,207.62 |
| 2 | Operating Profit (PBIDT) | 8,190.18 | 8,901.87 | 6,254.65 | 28,973.54 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period Before Tax | 7,411.79 | 8,123.35 | 5,497.48 | 25,898.23 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period After Tax | 5,611.93 | 5,943.46 | 4,072.91 | 19,174.00 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period | 5,782.51 | 6,282.68 | 4,074.31 | 19,865.61 |
| 6 | Equity Share Capital (of Rs. 5/- each) | 2,172.63 | 2,172.63 | 2,172.63 | 2,172.63 |
| 7 | Other Equity (Reserves) | - | - | - | 111,077.52 |
| 8 | Earning Per Share: | | | | |
| | - Basic (in Rs.) | 12.92 | 13.68 | 9.37 | 44.13 |
| | - Diluted (in Rs.) | 12.92 | 13.68 | 9.37 | 44.13 |

Notes: *Standalone Financial Information of the Company, pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR):

| S.No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2026 (Unaudited) | 31.03.2026 (Unaudited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2026 (Audited) |
| 1 | Turnover | 24,702.88 | 26,054.79 | 20,641.18 | 94,170.96 |
| 2 | Operating Profit (PBIDT) | 8,549.35 | 9,029.30 | 6,282.09 | 30,307.10 |
| 3 | Profit before Tax | 7,779.13 | 8,258.97 | 5,531.67 | 27,262.30 |
| 4 | Profit after Tax | 5,895.17 | 6,070.64 | 4,122.70 | 20,296.97 |


*The above is an extract of the detailed format of Quarter Ended Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Quarterly Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges i.e. www.nseindia.com and www.bseindia.com, and also on Company's website at www.mayuruniquoters.com


PU Garments


Handbag

Place: Jaipur
Date: August 05, 2026

For and on behalf of the Board of Directors
**Suresh Kumar Poddar**
Chairman & Managing Director & CEO
DIN-00022395


Automotive


Footwear


Furnishing


Marine Upholstery


Accessories